# महिला बाइक रैली को गीता धामी ने किया रवाना



## 200 छात्राएं और 300 महिलाएं कर्मचारी एवं फैकल्टी हुई रैली मे शामिल

**DEHRADUN (8 March):** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यूपीईएस की छात्रओं, महिला कर्मचारियों व फैकल्टी ने बाइक रैली निकाली. रैली को सीएम पुष्कर सिंह धामी की पत्नी गीता धामी ने बतौर मुख्यअतिथि कैंट स्थित महेंद्रा ग्राउंड से झंडी दिखाकर रवाना किया. रैली में यूपीईएस की दो सौ छात्राएं, तीन सौ महिला कर्मचारी व फैकल्टी ने प्रतिभाग किया. बाइक रैली कैंट से रवाना होकर विवि के बिधोली परिसर तक गई. इस मौके पर यूपीईएस यूनिवर्सिटी की महिला उद्यमियों की ओर से स्थापित स्टार्टअप ने विवि के इस रनवे कार्यक्रम के लिए 50 लाख रुपये के कोष बनाने की घोषणा की. इसके अलावा विश्वविद्यालय से शोध कर रही 50 महिला स्कालर्स को भी अपना समर्थन देने का वादा किया. महिला स्टार्टअप यूपीईएस में शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और छात्राओं के शोध के प्रयासों को सुविधाजनक बनाने के लिए उन्हें फैलोशिप भी देगी. विश्वविद्यालय ने विशेष रूप से महिला सहायक कर्मचारियों के लिए व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करते हुए दो लाख के बीमा कवर की घोषणा की. इस मौके पर आज की रानी म्यूजिकल वीडियो को भी लांच किया गया. प्रतिष्ठित बॉलीवुड गायक दलेर मेहंदी द्वारा गाया गया गीत महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने की संदेश देता है. इस म्यूजिकल वीडियो के गाने यूपीईएस की प्रायोजक सोसाइटी एचईआरएस के अध्यक्ष डॉ. शरद मेहरा ने लिखे हैं. यूपीईएस यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. राम के. शर्मा ने मुख्यअतिथि गीता धामी और प्रतिभागी छात्राओं, महिला कर्मचारी एवं फैकल्टी को महिला दिवस की बधाई दी.